संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन-III)
मॉडल पेपर-1

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. एक तरफ भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तो दूसरी तरफ उद्योग क्षमता एवं कृषि विकास की चिंताजनक स्थिति के कारण रोज़गार सृजन के मोर्चे पर इसकी काफी कमज़ोर स्थिति है। इस विरोधाभास को आप कैसे संबोधित करेंगे? **(150 शब्द) 10**
2. "यद्यपि सरकारी हस्तक्षेप नेक इरादों से किया जाता है तथापि प्राय: सम्पदा का सृजन करते समय बाज़ारों की क्षमता को कम करके आँका जाता है और परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं होता" चर्चा कीजिये कि क्यों और कैसे? **(150 शब्द) 10**
3. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) को वैधानिक अधिकार देने में किस तरह की चुनौतियाँ हैं? कृषि उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) अधिनियम के संदर्भ में चर्चा करें। **(150 शब्द) 10**
4. राष्ट्रीय कैंसर मिशन के उद्देश्य एवं लक्ष्यों को स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
5. सूक्ष्म वित्त एवं सूक्ष्म बीमा का आशय स्पष्ट करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था में इसके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष निहितार्थ को स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
6. भू प्रेक्षण उपग्रह EOS-01 के मुख्य-मुख्य अनुप्रयोगों को चिह्नित कर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके योगदान को स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. 'नेबरहुड एक्सन प्लान' शहरी कचरे के रूप में उपस्थित मानवजनित उपभोक्तावादी संकट के समाधान का सबसे कारगर उपाय हो सकता है। परीक्षण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
8. सुनामी के प्रति भारत की सुभेद्यता को देखते हुए भारत के समुद्री क्षेत्रों में सुनामी की उत्पत्ति वाले क्षेत्रों की पहचान कीजिये। हमारी सागरीय अर्थव्यवस्था की रक्षा में भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS) द्वारा की गई विभिन्न पहलों को रेखांकित कीजिये। **(150 शब्द) 10**
9. "भारत में साइबर हमलों को रिपोर्ट करने का ट्रेंड नहीं है क्योंकि इस प्रकार के वायरस हमले के प्रभाव का आकलन करने में हम असमर्थ रहते हैं।" इस कथन के आलोक में, डिजिटल इंडिया और कैशलेस इकोनॉमी की तैयारियों की समीक्षा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
10. डार्क नेट क्या है? ऐसा क्यों कहा जाता है कि यह एक प्रकार का काला बाज़ार है जहाँ से अवैध गतिविधियाँ संचालित होती हैं? विवेचना कीजिये। **(150 शब्द) 10**
11. श्रम कानूनों में सुधार का संबंध विदेशी निवेश को आकर्षित करना होता है? समुचित तर्क के साथ स्पष्ट कीजिये। **(250 शब्द) 15**
12. नीलामी सिद्धांत (ऑक्शन थ्योरी),जो इस वर्ष अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के संदर्भ में चर्चा में रहा क्या है? दुनिया भर के विक्रेता, खरीददार और करदाताओं को लाभ पहुँचाने में इस सिद्धांत की उपयोगिता को स्पष्ट कीजिये। **(250 शब्द) 15**
13. मानव विकास के चार प्रमुख स्तंभों को स्पष्ट करते हुए उनकी पर्याप्तता पर चर्चा कीजिये। क्या आप मानव विकास के संदर्भ में कुछ नए स्तंभों पर विचार कर सकते हैं? **(250 शब्द) 15**
14. 'मानव जनसंख्या में वृद्धि, प्रजाति विलोपन का संकट, जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरण असंतुलन की जड़ है।' टिप्पणी कीजिये। **(250 शब्द) 15**
15. पेटेंट के मामले में भारत की स्थिति को स्पष्ट कीजिये। क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों की महत्ता को लेकर जागरूकता का अभाव है? **(250 शब्द) 15**
16. कोविड-19 जैसे नए-नए किस्म के विषाणुओं के हमलों तथा उनके प्रतिकूल प्रभावों ने हमें जैविक एजेंटों को नियंत्रित करने के महत्त्व को स्पष्ट किया है। इस कथन के संदर्भ में जैव सुरक्षा से भारत में तैयारियों का परीक्षण कीजिये तथा आवश्यक सुझाव दीजिये। **(250 शब्द) 15**
17. "सतत् विकास का व्यावहारिक लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हम अपने संसाधनों का संरक्षण करना सीख जाएंगे।" विवेचना कीजिये। **(250 शब्द) 15**
18. भारत में पुरुष और महिलाओं के विकास में व्याप्त असमानता के कारणों एवं उनकी प्रकृति का विश्लेषण कीजिये। **(250 शब्द) 15**
19. भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग के निहितार्थ अथवा उपयोगिता को स्पष्ट कीजिये। **(250 शब्द) 15**
20. केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार पूर्वोत्तर भारत उग्रवाद के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के लिये भी कुख्यात है। इन अवैध गतिविधियों के कारणों तथा उनको रोकने के उपायों पर अपने सुझाव दीजिये। **(250 शब्द) 15**